दिन– शनिवार दिनांक– 25 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद और एआईएमआईएम समेत कई दलों के नेता आज चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

02. निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में एआई–जनित और कृत्रिम रूप से निर्मित सामग्री से बचने की अपील की।

03. लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय–खाय के साथ शुरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया।

04. और, रेल मंत्रालय ने कहा– छठ पर्व पर तीन दिन के दौरान नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। इस चरण में छह नवंबर को अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीट पर मतदान होगा। सभी दलों के स्टार प्रचारक लगातार रैली कर रहे हैं। प्रचार के दौरान विकास, कानून–व्यवस्था, बेरोज़गारी, पलायन और शिक्षा के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लगातार दूसरे दिन भी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबंधित करेंगे श्री शाह खगड़िया, मुंगेर और नालंदा जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बक्सर के डुमरांव और पटना जिले के रामकृष्ण नगर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मधेपुरा सहरसा और दरभंगा में अलग–अलग जनसभाओं को संबोधित करेंगे। महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश साहनी खगड़िया के गोगरी और अलौली और पटना जिले के बाढ़ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर, जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव और एआइएमआइएम के नेता भी कई चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल समस्तीपुर में रैली के साथ विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने समाजवादी नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर की विरासत को याद करते हुए राज्य में विकास को गति देने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

———बाईट———

सामाजिक न्याय के दिखाए कर्पूरी बाबू के रास्ते को भाजपा एनडीए ने सुशासन का आधार बनाया है। हमने गरीबों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों, अति–पिछड़ों के हितों को प्राथमिकता दी है।

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर में प्रधानमंत्री के संबोधन के पहले आरोप लगाया कि राजद को राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार के दौरान राज्य में विकास की गति तेज हुई है और कानून का राज स्थापित हुआ है। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में कहा कि संविदा कर्मियों को स्थाई नौकरी दी जाएगी और राज्य की बेरोजगारी की समस्या दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

———बाईट———

---

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान कृत्रिम रूप से और एआई–जनित सामग्री का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने का परामर्श दिया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

---

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पहली बार मतदान करने वाले और युवा मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि स्वीप के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं को रोकने के लिए सोशल मीडिया निगरानी दल बनाए गए हैं।

———बाईट———

सभी जिलाओं में सोशल मीडिया सैल गठित हैं और सजग हैं और ऐसे किसी भी प्रकार के फेक न्यूज़ अपलोड होते हैं तो तुरंत जो भी व्यक्ति अपलोड करते हैं उनके ऊपर विधि संवत कार्रवाई की जाती है और तुरंत उस फेक न्यूज को टेकडाउन करने का भी कार्रवाई पुलिस एवं जिला प्रशासन एवं मुख्यालय के द्वारा किया जाता है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने बताया कि संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गयी है। इन स्थानों पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सबसे अधिक बाईस–बाईस उम्मीदवार चैनपुर, सासाराम और गयाशहरी क्षेत्र से हैं। वहीं, सबसे कम पांच–पांच प्रत्याशी चनपटिया, रक्सौल, सुगौली और बनमनखी विधानसभा क्षेत्र से हैं। इस चरण में औसत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नौ से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अधिक प्रत्याशी वाले विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग दो–दो बैलेट यूनिट लगायेगा।

---

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है।

———म्यूजिक———

इसके साथ ही छठ व्रती भगवान सूर्य की पूजा के महाव्रत का संकल्प लेंगे। नहाय खाय के दिन छठव्रती पवित्र स्नान के बाद सात्विक रुप से तैयार अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इससे पहले छठव्रती भगवान सूर्य और उनकी मां छठी माता की पूजा अर्चना करते हैं। व्रत के दूसरे दिन कल खरना का अनुष्ठान होगा। खरना का महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद छठव्रती छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास रखेंगे। सत्ताईस अक्तूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके अगले दिन अट्ठाईस अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि छठ महापर्व के लिए बाजारों में रौनक देखी जा है। छठ पूजा में प्रयोग में आने वाले फल, मिट्टी के बर्तन, पूजा सामग्री खरीदने के लिए विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

———म्यूजिक———

---

वहीं, औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर देव में आज से चार दिवसीय कार्तिक छठ मेले की शुरूआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले का विधिवत उद्घाटन कल किया जायेगा। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किये गये हैं। विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए सशस्त बल की तैनाती की जा रही है। इधर, पटना जिले में बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार के उलार्क, शेखपुरा के तेउस सूर्य मंदिर, बक्सर के राम रेखा घाट, नवादा जिले के हंडिया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय और नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औगांरी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर में भी बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंच रहे हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने बताया कि बिहार सहित देश भर के श्रद्धालु इस पर्व की तैयारियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

---

रेल मंत्रालय दीपावली और छठ पर्व मनाकर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए छह हज़ार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। तीन दिन के दौरान नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी। मंत्रालय ने बताया कि छठ पर्व के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के लगभग तीस स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, सीसीटीवी निगरानी और अन्य यात्री–अनुकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और गया में संभावित स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा बूथ बनाए गए हैं।

इधर, कटिहार रेल मंडल त्योहार पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कटिहार से मनिहारी के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन की शुरूआत की है। डीसीएम संगीता मीणा ने बताया कि मंडल के अठारह रेलवे स्टेशनों पर अंठावन ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाई जा रही है। डीसीएम ने बताया कि विशेष ट्रेन पांच नवंबर तक चलेगी।

---

केंद्रीय कर्मचारियों को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली– एन.पी.एस. और एकीकृत पेंशन योजना– यू.पी.एस. के अंतर्गत लाइफ साइकिल–एलसी पचहत्तर और बैलेंस्ड लाइफ साइकिल–बी.एल.सी. जैसे निवेश विकल्पों के विस्तार को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। केन्द्र सरकार के कर्मचारी यू.पी.एस. और एन.पी.एस. के अंतर्गत अब डिफॉल्ट ऑपशन जैसे कई निवेश विकल्पों में से चुन सकते हैं। इस निर्णय से प्रमुख लाभ प्राप्त होंगे, जैसे अधिक लचीलापन और विकल्प, ग्लाइड पाथ मैकेनिज्म, विस्तृत ऑटो चॉइस विकल्प और सूचित योजना के लिए समर्थन।

---

केन्द्र सरकार ने पोषण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के टोल–फ्री हेल्पालाइन नंबर बदलने का निर्णय लिया है। अगले महीने की पहली तारीख से वर्तमान टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर– एक चार चार शून्य आठ के स्थान पर नया हेल्पलाइन नंबर एक पांच एक पांच होगा।

---

मुजफ्फरपुर जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वायरल बुखार से छह बच्चों की मौत हो गयी जबकि अस्सी बच्चों को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसकेएमसीएच के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण बच्चों में यह बीमारी फैल रही है। उन्होंने कहा कि दिन में तापमान में वृद्धि और रात में अचानक कमी आने से बच्चों का शरीर इसे सहन नहीं कर पा रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने चिंता शीर्षक से लिखा है– बिहार में स्वाइन फ्लू की दस्तक, समस्तीपुर जिले की महिला संक्रमित।

दैनिक भास्कर ने चुनाव चर्चा पर लिखा है– राम वृक्ष सदा और गोपाल रविदास की सम्पत्ति दस गुनी बढ़ी, संदीप सौरभ की पांच गुनी। दो हजार बीस में हजारों की सम्मपत्ति वाले विधायक अब लाखों में पहुंचे।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बीस साल से है कानून का राज।

दैनिक जागरण ने पटना में छठ पर्व पर लिखा है– जिले के पांच सौ पचास नदी–घाटों पर श्रद्धालु अर्घ्य देंगे।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत अन्य समाचार पत्रों ने हैदराबाद में बस के आग लगने की घटना में उन्नीस लोगों की मौत को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद और एआईएमआईएम समेत कई दलों के नेता आज चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।
02. निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में एआई–जनित और कृत्रिम रूप से निर्मित सामग्री से बचने की अपील की।
03. लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय–खाय के साथ शुरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया।

04. और, रेल मंत्रालय ने कहा— छठ पर्व पर तीन दिन के दौरान नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।